भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 10.03.2025

## आरेडिका ने किया अखिल भारतीय रेलवे (ड्रामा) प्रतियोगिता में प्रतिभाग

रेलवे बोर्ड के निर्देश पर विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी अखिल भारतीय रेलवे (ड्रामा) प्रतियोगिता का आयोजन एनसीआर द्वारा प्रयागराज में किया गया। इस प्रतियोगिता में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली ने भी अमिय श्रीवास्तव सीनियर सेक्शन इंजीनियर/प्रोजेक्ट के नेतृत्व में अपना 13 सदस्यों का दल इस प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु भेजा। यह प्रतियोगिता 4 मार्च 2025 से 6 मार्च 2025 के मध्य उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृति केन्द्र के प्रेक्षागृह में आयोजित की गई।

इस प्रतियोगिता में एमसीएफ द्वारा "मौलिक अधिकार" नामक नाटक का मंचन किया गया, इस नाटक का निर्देशन श्री विश्वेश्वर प्रसाद द्वारा किया गया इसके अतिरिक्त श्री आदित्य प्रकाश, श्री अंगद सिंह कुशवाहा, श्री अरविंद ओझा, श्री विवेकानंद व्यास, श्री भारतेंदु कुमार, श्री राजेन्द्र वर्मा, श्री जितेंद्र कुमार, श्री गिरीश कुमार श्री दीपक कुमार, गौरव कुमार, सुश्री प्रियंका ने इस नाटक में विभिन्न दायित्वों का निर्वाह किया।

10/03/25

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी